Study Govt Help

विद्या संबल योजना

डीग जिला

जिला विज्ञप्ति एवं रिक्त पद सूचना

विद्या संबल योजना 2026 के अंतर्गत डीग जिले की विज्ञप्ति

मूल विभागीय नोटिफिकेशन संलग्न

नवीनतम सरकारी अपडेट के लिए जुड़ें

Telegram: Latest Govt Notification

www.studygovthelp.in

कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, डीग

क्रमांकःमुजिशिअ/संस्था/डीग/2026/प्राध्यापक विद्या सम्बल विज्ञप्ति/ दिनांकःईहस्ताक्षर

विज्ञप्ति

राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्या संबल योजना के अन्तर्गत मुख्य सचिव महोदय के पत्र क्रमांक F.17(10)Edu-1/Q.Edu./2022-00494-2429645 जयपुर (राजकाज रेफरेंस नं0 24116683) दिनांक 18.08.2026 तथा वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र क्रमांकः प. 6(2) वित्त/सा विले नि/2021 जयपुर दिनांक 30.03.2021 एवं श्रीमान निदेशक महोदय माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के राजकाज पत्रांक 23385618 दिनांक 10.11.2026 के द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के क्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान के विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर "विद्या सम्बल योजना" के **द्वितीय चरण** के अन्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों को "गेस्ट फैकल्टी" के रूप में पूर्णतः अस्थाई तौर पर लगाया जाना है। उक्त योजना के तहत लगाए जाने वाले शिक्षकों के पद/योग्यताए/शर्तें और प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

(1) विद्या सम्बल योजना के तहत लगाए जाने वाले पद एवं योग्यताए–

क्र.सं.	पद का नाम	योग्यता
1.	प्राध्यापक (विभिन्न विषय)	राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–2021 में संबंधित पद एवं विषय हेतु वर्णित प्रावधानों के अनुसार

नोटः–

1. गेस्ट फैकल्टी हेतु न्यूनतम आयु आवेदित पद से संबंधित सेवा नियमों में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी।
2. विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी के रूप में सेवानिवृत/निजी अभ्यर्थी लगाए जायेंगे।
3. सेवानिवृत शिक्षक गेस्ट फैकल्टी के रूप में लगाए जाने हेतु पात्र होंगे, बशर्ते उसके आवेदित पद की न्यूनतम वांछित योग्यता अर्जित की हो।
4. सेवानिवृत शिक्षक अधिकतम 65 वर्ष की आयु तक ही गैस्ट फैकल्टी के रूप में कार्य करने हेतु पात्र होंगे।
5. भाषा विषयों को छोड़कर शेष विषयों के लिए अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम कक्षाओं के लिए गेस्ट फैकल्टी के रूप में लगाए जाने हेतु संबंधित पद व विषय के लिए संबंधित सेवा नियमों में प्रावधानित न्यूनतम शैक्षणिक वांछित अर्हता अंग्रेजी माध्यम में अर्जित की जानी अनिवार्य होंगी।

(2) **रिक्तियांः (केवल शहरी क्षेत्र)**

विद्या संबंल योजना के अंतर्गत गेस्ट फैकल्टी के रूप में विद्यालयों में स्वीकृत किन्तु स्पष्ट रिक्त पद पर ही लगाया जाएगा **(व्याख्याता के जिस पद पर किसी अन्य कार्मिक की वेतन व्यवस्था के आदेश जारी है उन पदों को रिक्त नही माना जायेगा)**

(3) **रिक्तियों का प्रकाशन–**

विद्यालयवार स्पष्ट रिक्तियों का प्रकाशन/अवलोकन जिला डीग के संबंधित विद्यालय/पीईईओ विद्यालय के नोटिस बोर्ड, क्षेत्र व निकाय के सार्वजनिक स्थान, जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक डीग/प्रारंभिक डीग कार्यालय तथा विभागीय वेबसाईट https://education.rajasthan.gov.in पर किया जाएगा।

RajKaj Ref No.:
25517455

(4) **आवेदन प्रक्रिया–**

किसी भी पद हेतु 65 वर्ष तक की आयु के सेवानिवृत्त शिक्षक/निजी अभ्यर्थी, जो उस पद की पात्रता रखते हों, निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र, समस्त आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर विभाग द्वारा निर्धारित की गई समय–सारणी के अनुसार अंतिम तिथि तक विद्यालय समय में संबंधित विद्यालय के प्राचार्य/यूसीईईओ को स्वयं व्यक्तिशः विद्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करेंगे।

(5) **वरीयता का निर्धारण–**

विद्या सम्बल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी लगाए जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच के उपरान्त विद्यालयवार प्रकाशित किए गए रिक्त पदों हेतु पद एवं विषयवार वरीयता सूची का प्रकाशन संबंधित प्राचार्य/यूसीईईओ द्वारा किया जाएगा। **वरीयता सूची पद की वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों का 75 प्रतिशत व प्रशैक्षणिक योग्यता (बी.एड/समकक्ष)के प्राप्तांकों का 25 प्रतिशत अंकभार जोड़कर किया जाएगा।**

सेवानिवृत कार्मिक को प्राथमिकता प्रदान कर वरीयता में ऊपर रखा जायेगा। **सेवानिवृत कार्मिक का आवेदन उपलब्ध नहीं होने पर समान अंक होने की स्थिति में अधिक आयु के निजी अभ्यर्थी को वरीयता में कम आयु के निजी अभ्यर्थी से ऊपर रखा जाएगा। गेस्ट फैकल्टी चयन हेतु किसी भी स्तर पर साक्षात्कार नहीं लिया जायेगा।**

(6) **चयन सूची का अनुमोदनः**– उक्तानुसार 01 पद हेतु 03–03 अभ्यर्थियों की चयन सूची का अनुमोदन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र क्रमांक पं 6(2)वित्त/सावि‌लेनि/2021 जयपुर दिनांक 30.03.2021 के बिन्दू संख्या 4(ख) में उल्लेखित जिला कलक्टर अथवा उनके द्वारा मनोनीत अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति से करवाया जायेगा , जिला स्तरीय समिति निम्नानुसार होगीः–

क्र.सं.	पदनाम	विवरण
1.	जिला कलक्टर अथवा उनके द्वारा मनोनीत अधिकारी	अध्यक्ष
2.	मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी	विभागीय नॉडल अधिकारी एवं सदस्य
3.	जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक	सदस्य सचिव

(7) परिवेदना प्रस्तुत करनाः–

पात्रता अथवा वरीयता के संबंध में किसी भी तरह की परिवेदना आवेदक द्वारा **कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डीग** में 07 दिवस में प्रस्तुत करनी होगी। जिला स्तर परिवेदना समिति निम्नानुसार होगीः–

क्र.सं.	पदनाम	विवरण
1.	मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डीग	अध्यक्ष
2.	जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक डीग	सदस्य
3.	संबंधित ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी	सदस्य
4.	जिला मुख्यालय डीग के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी	सदस्य सचिव

जिला स्तरीय परिवेदना समिति अपनी अनुशंषा सहित प्राप्त परिवेदनाओं को डीग जिले के श्रीमान जिला कलक्टर महोदय अथवा उनके द्वारा नामित/अधिकृत प्रतिनिधि को अंतिम निर्णय लिये जाने हेतु प्रस्तुत करेगी। श्रीमान जिला कलक्टर महोदय डीग अथवा उनके द्वारा नामित/अधिकृत प्रतिनिधि का विनिश्चय इस बाबत अंतिम होगा।

RajKaj Ref No.:
25517455

(8) **विद्या सम्बल योजना के तहत मानदेय–**

विद्या सम्बल योजना के तहत लगाए जाने वाले गेस्ट फैकल्टी को पदवार प्रतिघण्टा मानदेय निम्नानुसार दिया जाएगा–

क्र.सं.	पद	कक्षा	प्रति घण्टा मानदेय	अधिकतम मासिक मानदेय
01	प्राध्यापक (विभिन्न विषय)	11 से 12	400 रू.	30000 रू.

(9) **अन्य शर्तें–**

i. चयनित अभ्यर्थी को गेस्ट फैकल्टी के पद पर लगाए जाने हेतु दिए गए प्रस्ताव पर 07 दिवस में सहमति प्रदान करनी होगी तथा प्राचार्य/पीईईओ द्वारा नियत किए गए दिनांक व समय पर वे कार्य करने हेतु उपस्थित होंगे।

ii. निर्धारित अंतिम तिथि तक सहमति नहीं दिए जाने पर वरीयता सूची के आगामी क्रमांक के अभ्यर्थी को गेस्ट फैकल्टी के रूप में लगाया जा सकेगा।

iii. गेस्ट फैकल्टी के रूप में सत्रांत (**31.03.2027 तक**) अथवा नियमित प्रक्रिया से पद भरे जाने तक जो भी पहले हो, तक के लिए पूर्णतः अस्थाई तौर पर लगाया जाएगा।

iv. उक्त सेवाए चुंकि गेस्ट फैकल्टी के रूप में पूर्णतः अस्थाई तौर पर ली जा रही है अतः चयनित अभ्यर्थियों द्वारा गेस्ट फैकल्टी के तहत दी गई सेवाए भविष्य में चयनित पद के लिये स्थायी राजकीय सेवा का आधार नहीं होगी एवं चयनित अभ्यर्थी द्वारा इस आधार पर राजकीय सेवा में स्थायी करने हेतु मांग नहीं की जा सकेगी।

v. गेस्ट फैकल्टी के रूप में लगाए गए निजी अभ्यर्थियों/सेवा निवृत्त शिक्षकों को उन्हीं दिशा–निर्देशों के अध्यधीन रखा जायेगा, जो वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक **30.03.2021** में वर्णित है।

vi. गेस्ट फैकल्टी के कार्य का नियमित अवलोकन प्राचार्य/यूसीईईओ द्वारा किया जाएगा। निम्न कार्यकुशलता, दुराचरण, अनियमितता या कार्य से अनुपस्थिति की दशा में प्राचार्य/यूसीईईओ द्वारा बिना कारण बताए गैस्ट फैकल्टी के रूप में विमुक्त कर दिया जाएगा।

(10) **कार्यक्रम एवं समय सारणीः– (ग्रामीण निकाय क्षेत्रों के विद्यालयों को छोडकर)**

क्र.सं.	विवरण	दिनांक
1.	यूसीईईओ विद्यालय स्तरीय चयन समिति का गठन	21.11.2026
2	यूसीईईओ विद्यालय स्तर पर विज्ञप्ति एवं रिक्तियों का प्रकाशन (प्राध्यापक पद के लिए)	23.11.2026
3	अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन तिथि	25.11.2026 से 27.11.2026 (दोपहर 12:00 बजे तक)
4	प्राप्त आवेदनों की सूची प्रकाशित करना (यूसीईईओ स्तर)	28.11.2026 (सायं 04:00 बजे तक)
5	यूसीईईओ विद्यालय स्तरीय चयन समिति द्वारा आवेदनों पत्रों की जॉच कर एवं अभ्यर्थियों की वरीयता सूची (अस्थाई) तैयार कर जारी करना एवं **अस्थाई वरीयता सूची में आपतियाँ मॉगना।**	29.11.2026 से 30.11.2026 तक (दोपहर 02 बजे तक)
6	अभ्यर्थियों से प्राप्त आपतियाँ के निस्तारण पश्चात् अंतिम एवं स्थाई वरीयता सूची जारी कर, स्थाई वरीयता सूची के आधार पर प्रत्येक रिक्त पद के विरूद्व 03–03 अभ्यर्थियों का चयन कर चयन सूची तैयार करना।	01.12.2026 (सायं 06:00 बजे तक)
7	यूसीईईओ विद्यालयों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र एवं चयन सूची संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुँचाना	02.12.2026 (दोपहर 12:00 बजे तक)
8	मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र एवं चयन सूची संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुँचाना।	03.12.2026 (दोपहर 12:00 बजे तक)

9	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र एवं चयन–सूची परीक्षण उपरांत संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पंहुचाना।	04.12.2026 (दोपहर 12:00 बजे तक)
10	जिला स्तरीय कमेटी द्वारा चयन–सूची का अनुमोदन	05.12.2026 (सांय 05:00 बजे तक)
11	आदेश जारी करना	05.12.2026 (रात्रि 11:59 बजे तक)

(गंगाराम मीणा)
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा डीग

क्रमांकःमुजिशिअ/संस्था/डीग/2026/प्राध्यापक विद्या सम्बल विज्ञप्ति/ **दिनांकःईहस्ताक्षर**

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. श्रीमान राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
2. श्रीमान निदेशक महोदय माध्यमिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान बीकानेर।
3. श्रीमान निदेशक महोदय प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान बीकानेर।
4. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय जिला डीग ।
5. श्रीमान संयुक्त निदेशक महोदय स्कूल शिक्षा भरतपुर संभाग भरतपुर ।
6. जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक डीग को पालनार्थ ।
7. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जिला डीग को प्रति देकर लेख है कि आप उक्त विज्ञप्ति सार्वजनिक स्थलों / कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावें।
8. श्री राजकुमार वरिष्ठ सहायक को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने हेतु।
9. समस्त यू.सी.ई.ई.ओ. जिला डीग को प्रति देकर लेख है कि आप उक्त विज्ञप्ति सार्वजनिक स्थलों /निकाय नोटिस बोर्ड/ कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावें ।
10. रक्षित पत्रावली।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा डीग

Digitally signed by GANGA RAM MEENA
Designation: District Education Officer
Date: 2026-11-19 13:28:26 IST

v-1.0

RajKaj Ref No.:
25517455

आवेदन का प्रारूप

फोटो

1. आवेदक का नामः–

2. पिता का नामः–

3. आवेदित विद्यालय का नामः–

4. आवेदित पद का नामः–

5. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथिः–

6. जन्म तिथिः–

7. शैक्षणिक योग्यताः–
   1. माध्यमिक वर्ष––––– प्रतिशत––– संलग्न–1
   2. उच्च माध्यमिक वर्ष––––––प्रतिशत––– संलग्न–2
   3. स्नातक वर्ष––––––प्रतिशत––– संलग्न–3
   4. अधिस्नातक वर्ष––––––प्रतिशत––– संलग्न–4

8. प्रशैक्षणिक योग्यता
   1. बी.एड. / समकक्ष वर्ष––––––प्रतिशत––– संलग्न–5
   2. डी.एल.एड. / समकक्ष वर्ष––––––प्रतिशत––– संलग्न–6

9. वैध पात्रता परीक्षा (आवश्यकतानुसार)– रीट,उत्तीर्णता वर्ष––––––प्रतिशत––– संलग्न–7

10. निवास का पताः–
    1. स्थाई––
    ––––––––––––––––––––––––––––––––––––––
    2.वर्तमान––––––––––––––––––––––––––––––––––––––
    ––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

11. मोबाईल नम्बरः––

12. जाति वर्ग––––––––––प्रमाण पत्र संलग्न करें (आरक्षित वर्ग होने पर)। संलग्न–8

13. अन्य (विकलांग / भू.पू.सैनिक / विधवा / परित्यक्ता / स्पोर्टस पर्सन) संलग्न–9

14. आधार कार्ड की प्रति। संलग्न–10

15. मूल निवास प्रमाण पत्र। संलग्न–11

16. चरित्र प्रमाण पत्र (दो राजपत्रित अधिकारियां द्वारा प्रदत्त) संलग्न–12 व 13

17. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि–चूंकि मेरी सेवाए गेस्ट फैकल्टी के रूप में पूर्णतः अस्थाई तौर पर ली जा रही है, अतः मेरे द्वारा गेस्ट फैकल्टी के तहत दी गई सेवाए भविष्य में चयनित पद के लिये स्थायी राजकीय सेवा का आधार नहीं होगी एवं मेरे द्वारा इस आधार पर राजकीय सेवा में स्थायी करने हेतु मांग नहीं की जायेगी।

आवेदन पत्र के साथ संलग्नकों की सूची–संलग्नक 1 से 13 (स्व प्रमाणित छाया प्रतियां) एवं **वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र क्रमांकः प. 6(2) वित्त / सा विले नि / 2021 जयपुर दिनांक 30.03.2021 द्वारा जारी प्रारूप में शपथ पत्र अनिवार्य रूप से दिया जाना है** तथा अन्य जो आवेदनकर्ता देना चाहे।

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रारूप

शपथ–पत्र

मैं श्री / श्रीमती /कुमारी..... पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री..... विभाग..... (संस्थान का नाम) में दिनांक ..... गेस्ट फेकल्टी के रूप में अपनी उपस्थिति दे रहा हूं / दे रही हूं।

1. यह है कि मैंने..... विभाग / संस्थान द्वारा जारी विज्ञापन दिनांक..... के क्रम में अपना आवेदन प्रस्तुत किया है तथा मैंने विज्ञापन में वर्णित शर्तों को पढ़ व समझ लिया है तथा उन शर्तों की पालना हेतु वचनबद्ध हूं।
2. यह है कि मैंने राजस्थान सरकार के वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6 (2) वित्त / साविलेनि / 2021 दिनांक..... को अच्छे से पढ़ / समझ लिया है।
3. यह कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरी गयी समस्त सूचनाएं पूर्णतया सत्य हैं तथा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।
4. यह कि मेरे द्वारा जमा किये गये समस्त शैक्षिक / प्रशिक्षण संबंधी मूल अभिलेख एवं अन्य दस्तावेज जो विभाग द्वारा अपेक्षित हैं (यथा पहचान पत्र जो आवेदन पत्र में अंकित हो, न्यूनतम शैक्षिक पात्रता परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक, निवास, जाति, विकलांगता, भूपूसै स्वयं से संबंधित प्रमाण पत्र) पूर्णतया सही हैं।
5. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त मूल अभिलेख एवं अन्य सूचनाएं यदि जांच के दौरान कूटरचित / फर्जी अथवा गलत पायी जाती है तो मुझे गैस्ट फैकल्टी से निर्मुक्त कर दिया जाएगा। जिला स्तरीय समिति के empanelment से निर्मुक्त करते हुए मेरे विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही मुझे स्वीकार्य होगी जिसके लिए किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगा / करूंगी।
6. यह है कि मैं कार्य निष्पादन के दौरान निर्धारित उच्च मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाएं प्रदान करूंगा / करूंगी तथा यदि मैं इसका उल्लंघन करता हूं / करती हूं तो संस्था एकतरफा कार्यवाही हेतु स्वतंत्र तथा अधिकृत होगी।
7. यह कि मैं जिला आवंटित होने के उपरांत स्थान परिवर्तन की मांग नहीं करूंगा / करूंगी।
8. यह है कि मैं इस तथ्य से भलिभांति अवगत हूं कि जिस रिक्त पद के विरूद्ध शपथग्रहिता को गैस्ट फेकल्टी रखा गया है, उस पद पर नियमित नियुक्ति की दिनांक से ही उपर्युक्त व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जावेगी।
9. यह है कि मैंने यह अच्छे से समझ लिया है कि यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थायी तथा एक सेमेस्टर या एक सेशन के लिये है तथा भविष्य में इसके आधार पर नियमित नियुक्ति का दावा नहीं करूंगा / करूंगी।

10. इस व्यवस्था से नियमित नियुक्ति या अन्य किसी भी कारण से मुझे यदि गैस्ट फैकल्टी के रूप में नहीं बुलाया जाता है तो मेरे द्वारा न्यायिक या प्रशासनिक स्तर पर कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।
11. मैं राज्य सरकार / विभाग / संस्थान द्वारा समय–समय पर जारी नियमों / निर्देशों की पूर्ण पालना करूंगा / करूंगी।
12. यह कि मुझे केन्द्र सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी अथवा समुचित प्राधिकारी के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय अथवा विभाग द्वारा पदच्युत नहीं किया गया है तथा नैतिक अधमता अथवा किसी अन्य अपराध के लिए दोष सिद्ध नहीं किया गया है और न ही कोई आपराधिक प्रकरण न्यायालय में लंबित है।
13. मैंने यह समझ लिया है कि निम्न कार्य कुशलता, दुराचरण, अनियमितता तथा कार्य से अनुपस्थिति की दशा में संस्थान या सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये मुझे गैस्ट फैकल्टी के रूप में निर्मुक्त करने का अधिकार होगा।
14. मैं राजकीय अभिलेख तथा सूचनाओं की गोपनीयता बनाये रखूंगा तथा इसका उल्लंघन करने पर नियमानुसार दण्डीय कार्यवाही का उत्तरदायी होउंगा।

शपथग्रहिता

सत्यापन

मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं / करती हूं कि उपर्युक्त वर्णित बिंदु संख्या 1 से 14 में वर्णित तथ्य / सूचना मेरी जानकारी में सही तथा सत्य हैं, मैंने इनको भलिभांति पढ़ तथा समझ लिया है, मैंने कुछ भी असत्य व्यक्त नहीं किया है तथा न ही कुछ छिपाया है। यदि भविष्य में कोई सूचना / तथ्य असत्य या अपूर्ण सिद्ध होता है तो मैं स्वयं इसके लिये उत्तरदायी रहूंगा।

शपथग्रहिता

कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा डीग जिला डीग

शहरी क्षेत्र गैस्ट फैकल्टी हेतु रिक्त पदों की सूचना

क्र. सं.	जिला	ब्लॉक	पंचायत	ग्राम / वार्ड	विद्यालय	लोकसभा	विधानसभा	टीएसपी एरिया	CWSN	ग्रामीण/शहरी	पद	विषय	स्वीकृत पद	कार्यरत पद	रिक्त पद	प्रतीक्षा में कार्मिक	काउंसलिंग से प्रतीक्षा में कार्मिक	अधिशेष कार्मिक	कुल विद्यालय नामांकन	कक्षा 1-5	कक्षा 6-8	कक्षा 9-10	कक्षा 11-12
1	deeg	deeg	deeg	deeg	LALA MANOHAR LAL KHANDELWAL GGSSS NEAR POST OFFICE (217110)(08070317903)	BHARATPUR	DEEG KUMHER	NO	NO	URBAN	LECTURER	English (Compulsary)	2	1	1	0	0	0	706	76	119	242	269
2	deeg	deeg	deeg	deeg	LALA MANOHAR LAL KHANDELWAL GGSSS NEAR POST OFFICE (217110)(08070317903)	BHARATPUR	DEEG KUMHER	NO	NO	URBAN	LECTURER	HINDI LITERATURE	1	0	1	0	0	0	706	76	119	242	269
3	deeg	deeg	deeg	deeg	LALA MANOHAR LAL KHANDELWAL GGSSS NEAR POST OFFICE (217110)(08070317903)	BHARATPUR	DEEG KUMHER	NO	NO	URBAN	LECTURER	HOME SCIENCE	2	0	2	0	0	0	706	76	119	242	269
4	deeg	deeg	deeg	deeg	LALA MANOHAR LAL KHANDELWAL GGSSS NEAR POST OFFICE (217110)(08070317903)	BHARATPUR	DEEG KUMHER	NO	NO	URBAN	LECTURER	Sanskrit Literature	2	1	1	0	0	0	706	76	119	242	269
5	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_SIKRI	NP_SIKRI	SHAHEED PAWAN KUMAR GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL SIKRI (217013)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	English (Compulsary)	1	0	1	0	0	0	214	0	0	109	105
6	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_SIKRI	NP_SIKRI - WARD NO.- 14	GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL SIKRI (217012)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	Hindi (Compulsary)	1	0	1	0	0	0	417	139	113	117	48
7	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_SIKRI	NP_SIKRI - WARD NO.- 14	GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL SIKRI (217012)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	English (Compulsary)	1	0	1	0	0	0	417	139	113	117	48
8	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_SIKRI	NP_SIKRI - WARD NO.- 14	MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL SIKRI PATTI (466424)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	Physics	1	0	1	0	0	0	351	148	86	46	1
9	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_SIKRI	NP_SIKRI - WARD NO.- 14	MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL SIKRI PATTI (466424)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	Chemistry	1	0	1	0	0	0	351	148	86	46	1
10	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_SIKRI	NP_SIKRI - WARD NO.- 14	MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL SIKRI PATTI (466424)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	Mathematics	1	0	1	0	0	0	351	148	86	46	1
11	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_NAGAR	NP_NAGAR - WARD NO.- 35	ANARDEVI AND SHRI RAMJILAL SHARMA GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BRIJ NAGAR (217063)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	Biology (Science Stream)	1	0	1	0	0	0	527	104	126	136	161
12	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_BRIJ NAGAR	NP_NAGAR - WARD NO.- 03	SMT. RAVITI DEVI AGRAWAL GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL BRIJ NAGAR (217064)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	Sanskrit Literature	1	0	1	0	0	0	547	49	123	186	189
13	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_BRIJ NAGAR	NP_NAGAR - WARD NO.- 03	SMT. RAVITI DEVI AGRAWAL GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL BRIJ NAGAR (217064)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	Physics	1	0	1	0	0	0	547	49	123	186	189
14	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_BRIJ NAGAR	NP_NAGAR - WARD NO.- 03	SMT. RAVITI DEVI AGRAWAL GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL BRIJ NAGAR (217064)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	Biology (Science Stream)	1	0	1	0	0	0	547	49	123	186	189
15	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_BRIJ NAGAR	NP_NAGAR - WARD NO.- 03	SMT. RAVITI DEVI AGRAWAL GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL BRIJ NAGAR (217064)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	HINDI LITERATURE	1	0	1	0	0	0	547	49	123	186	189
16	DEEG	BRIJ NAGAR	NP_BRIJ NAGAR	NP_NAGAR - WARD NO.- 03	SMT. RAVITI DEVI AGRAWAL GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL BRIJ NAGAR (217064)	BHARATPUR	BRIJ NAGAR	NO	NO	URBAN	LECTURER	Economics	1	0	1	0	0	0	547	49	123	186	189
17	DEEG	KAMAN	KAMAN	NP KAMAN	PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217005)(08070128405)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	Lecturer	Agruculture Science	1	0	1	no	0	0	730	92	165	153	37
18	DEEG	KAMAN	KAMAN	NP KAMAN	PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217005)(08070128405)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	Lecturer	Chemistry	1	0	1	no	0	0	730	92	165	153	76

19	DEEG	KAMAN	KAMAN	NP KAMAN	PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217005)(08070128405)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	Lecturer	drawing	1	0	1	no	0	0	730	92	165	153	109
20	DEEG	KAMAN	KAMAN	NP KAMAN	PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217005)(08070128405)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	Lecturer	english (compulsary)	2	1	1	no	0	0	730	92	165	153	303
21	DEEG	KAMAN	KAMAN	NP KAMAN	PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217005)(08070128405)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	Lecturer	HINDI LITERATURE	1	0	1	no	0	0	730	92	165	153	145
22	DEEG	KAMAN	KAMAN	NP KAMAN	PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217005)(08070128405)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	Lecturer	history	1	0	1	no	0	0	730	92	165	153	80
23	DEEG	KAMAN	KAMAN	NP KAMAN	PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217005)(08070128405)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	Lecturer	Physics	1	0	1	no	0	0	730	92	165	153	74
24	DEEG	KAMAN	KAMAN	NP KAMAN	PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217005)(08070128405)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	Lecturer	Sanskrit Literature	1	0	1	no	0	0	730	92	165	153	44
25	DEEG	KAMAN	KAMAN	NP KAMAN	PM SHRI GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217005)(08070128405)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	Lecturer	Hindi (Compulsary)	2	1	1	no	0	0	730	92	165	153	303
26	DEEG	KAMAN	KAMAN	NP KAMAN	MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL GOPINATH KAMAN (217003)(08070126201)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBON	LECTURER	Economics	1	0	1	YES	0	0	486	145	101	172	68
27	DEEG	KAMAN	NP KAMAN	NP KAMAN	GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217004)(08070128001)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	LECTURER	CHEMISTRY	1	0	1	no	0	0	576	77	91	165	116
28	DEEG	KAMAN	NP KAMAN	NP KAMAN	GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217004)(08070128001)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	LECTURER	Biology (Science Stream)	1	0	1	no	0	0	576	77	91	165	116
29	DEEG	KAMAN	NP KAMAN	NP KAMAN	GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217004)(08070128001)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	LECTURER	HISTORY	1	0	1	no	0	0	576	77	91	165	166
30	DEEG	KAMAN	NP KAMAN	NP KAMAN	GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217004)(08070128001)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	LECTURER	URDU LITERATURE	1	0	1	no	0	0	576	77	91	165	37
31	DEEG	KAMAN	NP KAMAN	NP KAMAN	GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL KAMAN (217004)(08070128001)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	LECTURER	URDU LITERATURE	1	0	1	no	0	0	576	77	91	165	37
32	DEEG	PAHARI	NP PAHARI	NP PAHARI	KESARI SINGH GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL PAHADI (217050)(08071002514)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	LECTURER	Sanskrit Literature	1	0	1	0	0	0	343	35	71	122	115
33	DEEG	PAHARI	NP PAHARI	NP PAHARI	KESARI SINGH GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL PAHADI (217050)(08071002514)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	LECTURER	Biology (Science Stream)	1	0	1	0	0	0	343	35	71	122	115
34	DEEG	PAHARI	NP PAHARI	NP PAHARI	KESARI SINGH GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL PAHADI (217050)(08071002514)	BHARATPUR	KAMAN	NON TSP	NO	URBAN	LECTURER	Agruculture Science	1	0	1	0	0	0	343	35	71	122	115
													39	4	35								

Study Govt Help

Thank You!

विद्या संबल योजना – डीग जिला

विद्या संबल योजना 2026 के अंतर्गत डीग जिले की विज्ञप्ति

www.studygovthelp.in

इस जिला विज्ञप्ति को पढ़ने के लिए धन्यवाद।